breakthrough

कमउम्रमेंविवाहकेखिलाफब्रेकथ्रूकाअभियान
“देशबनामबालविवाह”
वीडियोवैनकेमाध्यमसे27 हजारसेअधिकलोगोंकोकियाजागरुक

गया,14 मई 2017,मानवाधिकारऔरमहिलामुद्दोंपरकामकरनेवालीस्वंयसेवीसंस्थाब्रेकथ्रूद्वाराबालविवाहकेखिलाफ ‘देशबनामबालविवाह’ अभियानकेतहतसमुदायमेंजागरुकताफैलानेकेलिए 19 अप्रैल 2017 से शूरूकियागयावीडियोवैनकासफरआजसमाप्तहोगया।इसदौरानवीडियोवैनकेमाध्यमसे गयाके 16 प्रखंड के 36 पंचायतों के 52 गावोंतक पहुंचकर 27 हजारसेअधिकलोगोंकोइसअभियानसेसीधेजोड़करउन्हेंबालविवाहकेमुद्देपरजागरुक कियागया।

समाहरणालय परिसर, गया सेशुरूहुआवीडियोवैनकासफरफतेहपुर प्रखंड की धरहराकला पंचायत के ग्राम छोटकी धरहरामेंसमाप्तहुआ।इसदौरानखेल,प्रश्नोत्तरी, लघुफिल्मऔरनुक्कड़नाटक“चंदा न रुकेगी ”नाटककेमाध्यमसेलोगोंसेबालविवाहकेमुद्देपरचर्चाकीगई।समापन समारोह मेंमुख्यअतिथिकेरूपमेंचाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य डा. शिवदत्त सिंह और विशिष्ठ अतिथि के रूप में चाइल्ड लाइन की समन्वयक रिया कुमारीशामिल हुए।अतिथितियों ने वीडियो वैन का हरी झंडी दिखाकर हजारीबाग के लिए रवाना भी किया।

इस मौके पर ब्रेकथ्रू, गया के जिला प्रबंधक आसित कुमार ने बताया कि 26 दिनों का यह वीडियो वैन का सफर काफी सफल रहा।इससे हम जहां लगभग 27 हजार लोगों से सीधे जुड़ कर बाल विवाह के मुद्दे पर संवाद करने में सफल रहे वहीं **‘रश्मि मैट्रिक पास’** लघु फिल्म देख कर कई पिता अपनी बेटियों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हुए।साथ ही समुदाय से कई बेटियां बाहर निकल कर आई जो रश्मी की तरह पढ़ना चाहती है।उन्होंने कहा कि बाल-विवाह को समाप्त करने के लिए हमें इस दिशा मेंसाथ मिलकर लगातार काम करना होगा।

इस अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य डा. शिवदत्त सिंह ने कहा कि अपनी बेटियों की शादी कम उम्र में न करें,उन्हे पढ़ने का मौका दे जिससे वो एक बेहतरदेश और समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी अभी गया में बाल विवाह की दर 48 फीसदी है,इस दिशा में अभी और काम करने की जरूरत है।

चाइल्ड लाइन की समन्वक रिया कुमारी ने चाइल्ड लाइन की कार्य प्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि आप लोगों की जानकारी में बाल-विवाह या कम उम्र के बच्चों से संबंधित कोई भी मामला आये तो तत्काल 1098 पर हमें कॉल करें हम उस पर तत्काल कार्रवाही करेगें।उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही बाल-विवाह को समाप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर धरहराकला पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार शर्मा सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।

ब्रेकथ्रूकेबारेमें -

ब्रेकथ्रूएकमानवाधिकारसंस्थाहैजोमहिलाओंऔरलड़कियोंकेखिलाफहोनेवालीहिंसाऔरभेदभावकोसमाप्तकरनेकेलिएकामकरतीहै।

कला, मीडिया, लोकप्रियसंस्कृतिऔरसामुदायिकभागेदारीसेहमलोगोंकोएकऐसीदुनियाबनानेकेलिएप्रेरितकररहेहैं, जिसमेंहरकोईसम्मान, समानताऔरन्यायकेसाथरहसके।

हममल्टीमीडियाअभियानोंकेमाध्यमसेमानवाधिकारसेजुडेंमुद्दोंकोमुख्यधारामेंलारहेहैं।इसेदेशभरकेसमुदायऔरव्यक्तियोंकेलिएप्रासंगिकबनारहेहैं।इसकेसाथहीहमयुवाओं, सरकारीअधिकारियोंऔरसामुदायिकसमूहोंकोप्रशिक्षणभीदेतेहैं, जिससेएकनईब्रेकथ्रूजेनरेशनसामनेआएजोअपनेआस-पासकीदुनियामेंबदलावलासके।

अधिकजानकारीकेलिएसंपर्ककरें:

विनीतत्रिपाठी
सीनियरमैनेजर: मीडियाएडवोकेसी
ब्रेकथ्रू
09792267809

आसित कुमार
मैनेजर: गया
ब्रेकथ्रू
09470517953